मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-97
04/03/2020

कोरोना वायरस को लेकर मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा

- कोरोना वायरस से लोगों को घबराने की जरूरत नहीं :– मुख्यमंत्री

पटना, 04 मार्च 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में कोरोना वायरस को लेकर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस से लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। कोरोना वायरस को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना वायरस को लेकर सरकार द्वारा जारी किये एडवाइजरी का पालन करने का भी अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को सभी जरूरी उपाय करने के निर्देश दिये गये हैं और स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट पर रखा गया है। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि सभी अस्पतालों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। मुख्यमंत्री ने इंडो–नेपाल बॉर्डर खासकर बॉर्डर से सटे जिलों पर खास निगरानी रखने का निर्देश दिया। इंडो–नेपाल के सीमावर्ती इंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने पटना एवं गया हवाई अड्डे पर लोगों को जागरूक करने संबंधी समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से अपील की कि भीड़भाड़ वाले जगहों में वे सतर्कता बरतें और स्वच्छता का खास ख्याल रखें। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे जिलाधिकारियों को कोरोना वायरस के संदर्भ में सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की बैठक करने हेतु निर्देशित करें। सभी पंचायती राज सदस्यों, ए0एन0एम0, ऑगनबाड़ी सेविका, हेल्थ केयर वर्कर को कोरोना वायरस के प्रति जागरूक किया जाय, जिससे वे आमलोगों को फायदा पहुँचा सकें। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को इस संबंध में सभी जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये नियमित तौर पर इसका अनुश्रवण करने का निर्देश दिया।

******